सरस्वतींदेवयन्तोहवन्ते"

***जनार्दनराय नागरराजस्थानविद्यापीठ (डीम्ड टूबी विश्वविद्यालय), उदयपुर***

(जनशिक्षण एवंविस्तारकार्यक्रमनिर्देशालय के अन्तर्गत संचालित)

# ***जनपदमीडियासेन्टर***

**(Declared Under Section 3 of the UGCAct,1956 vide Notification No.F.9-5/84,dated 12.01.1987 of GOI)**

कार्यालयः-टाऊनहॉलरोडउदयपुर (राज.)

Call: 0294-2420881 Fax: 0294-2420030 Email: Providyapeeth @gmail .com

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोटर्स चेम्पियन शीप 2025 का हुआ समापन
राज्य के विभिन्न जिलों के 350 से अधिक योग विद्यार्थियों ने लिया भाग
मेडल पाकर खिले चेहरे .......

उदयपुर 25 अगस्त / आर.वाई.एस.ए. सोसायटी योगासन भारत एवं राजस्थान विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 55 वर्ष वर्ग के लिए आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोर्ट्स चेम्पियन शीप 2025 का समापन को विद्यापीठ के एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में हुआ। समारोह में विभिन्न केटेगिरी में विजयी प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत, कास्य पदकों से नवाजा गया। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों के 350 से अधिक योग विधार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न जिलों से रेफरी का उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
समापन सत्र का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, सचिव संदीप कासनीया, अध्यक्ष डिम्पल सोलंकी, प्रो. सरोज गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. रोहित कुमावत ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।
इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आसन योग का हिस्सा है, जीवन का आधार है। ईश्वर से रूबरू होने का साधन है आसन। आसन में व्यक्ति को अपने आप में झाकने का अवसर मिलता है। आसन मानवीय सरोकार है इसे जिंदा रखना जरूरी है, व्यक्ति को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।
ये रहे परिणाम:-
सीनियर ग्रूप में पवन मटट - जोधपुर को स्वर्ण, विशाल कुमार - झुंझनु रजत, अभिषेक जांगीड - जयपुर को कास्य पदक से नवाजा गया। महिला ग्रूप में इशिका कुमावत - सीकर को स्वर्ण, लक्षिता - बीकानेर रजत, सोनिया आचार्य - जोधपुर को कास्य पदक से नवाजा गया। जनरल पुरूष वर्ग में अर्जुन परिहार - जोधपुर को स्वर्ण, कोशिक वैरागी - अजमेर को रजत एवं चिराग परमार - जालौर को कास्य पदक से नवाजा गया। विद्यापीठ की रंजना राणा, भूमि गुर्जर को कास्य पदक से नवाजा गया।
इस अवसर पर भरत पाल सिंह, हरविंदर सिंह, सुरेश कुमार, करणीपाल सिंह, बलराम सिंह, गजराज शक्तावत, राकेश सुथार, रक्षत लयात, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. ममता कुमावत, सौरभ सिंह, डॉ. सुभाष पुरोहित सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।
डॉ. पायल कुमावत ने किया जबकि आभार डॉ. रोहित कुमावत ने जताया।

कृष्णकांत कुमावत
निजी सचिव
9460632862